आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- शिक्षा मंत्रालय ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के अंतर्गत युवा संगम के सातवें संस्करण के लिए ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल खोल दिया है।
- शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए, अनुसूचित जनजाति छात्रों से छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
- आयुष शाखा की ओर से विभिन्न स्वास्थ्य सेवा संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर नियमित योग कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है।
- द्वीपसमूह में अगले दो दिनों तक एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के अंतर्गत युवा संगम के सातवें संस्करण के लिए ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल खोल दिया है। मंत्रालय ने बताया कि 18 से 30 वर्ष की आयु के इच्छुक युवा पंजीकरण करा सकते है। सातवें संस्करण में उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्र, राष्ट्रीय सामाजिक सेवा नेहरू युवा केंद्र संगठन राज्य के स्वयंसेवक और युवा पेशेवर शामिल हो सकते हैं। मंत्रालय ने कहा कि सातवें संस्करण के लिए, आईआईटी, आईआईएम, केंद्रीय विश्वविद्यालयों और एनआईटी सहित 20 उच्च शिक्षा संस्थानों को विनिमय कार्यक्रम की मेजबानी और संचालन के लिए नोडल संस्थानों के रूप में चुना गया है। चयनित प्रतिभागी अपने संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पांच से सात दिवसीय शैक्षिक और सांस्कृतिक यात्राएं करेंगे।

<><><><><><><>

रिजर्व बैंक आज द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा घोषित करेगा। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा आज सुबह दस बजे नवीनतम रेपो रेट की घोषणा करेंगे।

मौद्रिक नीति समीक्षा में मुद्रास्फीति से संबंधित जोखिम, कच्चे तेल का मूल्य और वैश्विक भू–राजनीतिक अनिश्चितताओं का भी उल्लेख होगा जिनका असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय रिज़र्व बैंक को साइबर धोखाधड़ी से जुड़े अवैध बैंक खातों से निपटने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने का निर्देश दिया। धोखाधड़ी से प्राप्त धन की वसूली में तेजी लाने और डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों से निपटने में सुधार करने के लिए कई निर्देश भी जारी किए। सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय रिज़र्व बैंक को सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरलों को एसओपी की प्रतियां उपलब्ध कराने को कहा। राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को शिकायत निवारण और धन वसूली मॉड्यूल को शीघ्रता से अपनाने और लागू करने का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए, योग्य अनुसूचित जनजाति के छात्रों से प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना और पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत नए और नवीनीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजनाओं के तहत सभी स्रोतों से पारिवारिक आय ढाई लाख प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि द्वीपसमूह के सभी अनुसूचित जनजाति छात्र बिना किसी आय सीमा के इस योजना के पात्र हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है। पात्र विद्यार्थी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों का आधार विवरण उनके वर्तमान बैंक खाते और पंजीकृत मोबाइल नंबर से लिंक और अपडेटेड होना चाहिए। सहायता के लिए सभी स्कूलों और कॉलेजों के अलावा जनजातीय कल्याण निदेशालय में एक समर्पित हेल्पडेस्क भी स्थापित किया गया है ।

<><><><><><><>

भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड ने आम जनता से मानसून के मौसम के दौरान आवारा और सामुदायिक पशुओं की देखभाल और सुरक्षा करने की अपील की है।

नागरिकों से जहां भी संभव हो पशुओं के लिए अस्थायी आश्रय और पीने का साफ पानी प्रदान करने तथा बीमार जानवर के बारे में तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सा संस्थान को सूचित करने का अनुरोध किया गया है। पालतू पशु मालिकों को भी अपने पालतू जानवरों को बाहर न घूमने देने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के तहत आयुष शाखा द्वीपसमूह के विभिन्न स्वास्थ्य सेवा संस्थानों और सामुदायिक स्थानों पर नियमित योग कक्षाओं का संचालन कर रहा है। इन नियमित योग सत्रों का उद्देश्य स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना, शारीरिक फिटनेस में सुधार करना, तनाव कम करना और जीवन की समग्र गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। ये कक्षाएं सभी के लिए खुली है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में अगले दो दिनों तक एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। हवा 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी। 8, 9 और 10 अगस्त को भी द्वीपों के एक या दो स्थानों पर 50–60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। मछुआरों को 8 अगस्त तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

डॉ बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में अतिथि सहायक प्रोफेसर तथा डिग्री कार्यक्रम के अंशकालिक प्रशिक्षकों के पदों पर भर्ती के लिए सीधे साक्षात्कार बारह अगस्त को आयोजित होगा। अभ्यर्थियों को संबंधित दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार में उपस्थित होने को कहा गया है। अधिक जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के प्रथम और द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश वाले डिग्री पाठ्यक्रमों की कक्षाएं सात अगस्त से शुरू होंगी।

अभ्यार्थियों को सुबह साढ़े आठ बजे संबंधित विभागों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान के एकीकृत पुनर्वास केंद्र की ओर से मायाबंदर में राज्य परिवहन सेवा के कर्मचारियों के लिए नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में जागरूकता और परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को नशीली दवाओं के सेवन की रोकथाम, तनाव प्रबंधन, सड़क सुरक्षा, स्वस्थ जीवन शैली प्रथाएं, परामर्श सेवाएं और पुनर्वास सुविधाओं की जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत रंगत और कदमतला में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए दो दिवसीय पहचान एवं चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान पात्र बच्चों को उनकी जरूरतों के अनुसार शिक्षण–अधिगम सामग्री किट प्रदान की गईं। दोनों स्थानों पर कुल 55 विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का मूल्यांकन किया गया, जिनमें से 11 बच्चों की आगे के मूल्यांकन के लिए संदिग्ध मामलों के रूप में पहचान की गई। उधर, लिटिल अंडमान में भी विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पहचान एवं मूल्यांकन शिविर आयोजित किया गया, जिसमें अभिभावकों सहित कुल 25 छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज में 8 स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परामर्श कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। बी.कॉम (जनरल), बी.कॉम (सीएस), बीबीए के लिए आज और बी.ए. (अर्थशास्त्र), बी.ए. (समाजशास्त्र) और बी.पी.ए. संगीत के लिए परामर्श कल रखा गया है। अभ्यार्थियों को अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुबह 9.30 बजे से उपस्थित होना होगा। इस दौरान ऑफलाइन आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा नहीं किया है, उन्हें प्रवेश के लिए 12वीं कक्षा का अंक पत्र के साथ भरे हुए फार्म सुबह साढ़े दस बजे तक जमा करना होगा।

<><><><><><><>